आवश्यक/जन सूचना अधिकार/तत्काल

संख्या: 11/103 ज0सू0/12-2-2013-ज0सू0-26/2013

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव/जन सूचना अधिकारी,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कृषि अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 17 दिसम्बर, 2013

विषय:सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्री खलीक अहमद खान निवासी 418/346, गढी पीर खॉ, ठाकुरगंज, लखनऊ के दिनांक रहित पत्र की छाया प्रति सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-6(3) के अन्तर्गत अन्तरित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आवेदक द्वारा चाही गयी सूचना नियमानुसार आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

भवदीय,

अनिल कुमार
अनु सचिव/जन सूचना अधिकारी।

संख्या: (1)/12-2-2013 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अनुभाग अधिकारी, लेखा, कृषि सचिव शाखा, उत्तर प्रदेश शासन को रू0 10/- की धनराशि का नोट संख्या: 19एम 350061 मूल-रूप में प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि कृपया उक्त धनराशि को राजकोष में जमा कराने का कष्ट करें।
2. श्री खलीक अहमद खान निवासी 418/346, गढी पीर खॉ, ठाकुरगंज, लखनऊ को उनके उक्त उल्लिखित दिनांक रहित पत्र के संदर्भ में इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपेक्षित सूचनायें कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से प्राप्त करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

अनिल कुमार
अनु सचिव/जन सूचना अधिकारी।

http://shasnadesh.up.nic.in